मेरठ छावनी में पीने के पानी की समस्या

1461. **श्री शांति त्यागी :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि मेरठ छावनी बोर्ड के क्षेत्र में घनी आबादी वाले इलाकों में निवासियों को पीने के पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है और उन्होंने अधिकारियों से इस समस्या को हल करने की मांग की है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस क्षेत्र में पेय जल की सप्लाई की कोई परियोजना सरकार के विचाराधीन है ; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और यह कब तक पूरा हो जाने की सम्भावना है ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. राजा रमन्ना) : (क) जी, हां ।

(ख) जी, हां।

(ग) पानी की सप्लाई बढ़ाने की एक योजना को मंजूरी दी जा चुकी है और योजना के पहले दो चरणों का कार्य पूरा हो चुका । इससे बी आई बाजार और बी० सी० बाजार में पानी की सप्लाई में सुधार हुआ है। लगभग 1.34 करोड़ रु. की लागत का तीसरे चरण का कार्य उत्तर प्रदेश जल निगम के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। परियोजना का पूरा होना निधियों की उपलब्धता पर निर्भर करता है। इसलिए यह बताना व्यवहार्य नहीं होगा कि किस निश्चित तिथि तक यह कार्य पूरा हो जाएगा ।

सुभाष चन्द्र बोस के लापता होने संबंधी गुप्त दस्तावेज़

1462. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि,

(क) क्या सरकार ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के लापता होने संबंधी गुप्त दस्तावेजों की जांच का कोई आदेश दिया है ;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि ऐसे दस्तावेज मास्को, लंदन और टोकियो के अभिलेखागारों में बन्द पड़े हैं ; और

(ग) क्या सरकार इस संबंध में कोई जांच करने के लिए किसी आयोग की नियुक्ति का विचार रखती है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चिमनभाई मेहता) : (क) जी, नहीं ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

शिक्षा में सुधार के संबंध में "सार्क" देशों की सिफारिश

1463. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या शिक्षा में सुधार लाने तथा निरक्षरता दूर करने के उपाय ढूंढने के लिये 15 जून, 1990 को दिल्ली में "सार्क" के सदस्य देशों की एक बैठक हुई थी ; और

(ख) उसकी मुख्य सिफारिशें क्या थीं तथा इस सम्बन्ध में सरकार क्या कदम उठा रही है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चिमन भाई मेहता) : (क) साक्षरता, उत्तर-साक्षरता तथा सतत शिक्षा पर "सार्क" विशेषज्ञ दल की बैठक 15 से 18 जून, 1990 तक नई दिल्ली में हुई ।

(ख) इस दल की मुख्य सिफारिशें निम्नलिखित थी :—

— सभी "सार्क" सदस्य देशों की सरकारें आवश्यक रूप से साक्षरता के लिये